बिहार सरकार
शिक्षा विभाग
(प्राथमिक शिक्षा निदेशालय)

आदेश

पटना, दिनांक 27/02/2026

संख्या–08/आ०–05–02/2023 313 /प्राथमिक शिक्षा निदेशालय के आदेश ज्ञापांक–93 दिनांक 13.02.2023 द्वारा ट्रैप केस के मामले में काराधीन होने के कारण श्री संजीव कुमार, तत्कालीन प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, टिकारी, गया को दिनांक 13.02.2023 के प्रभाव से निलंबित किया गया। माननीय उच्च न्यायालय, पटना के CR/MISC No–34358/2023 में दिनांक 03.07.2023 को पारित आदेश के आलोक में जमानत पर रिहा हुए श्री कुमार द्वारा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 07.07.2023 को योगदान किया गया। प्राथमिक शिक्षा निदेशालय के आदेश ज्ञापांक 622 दिनांक 21.07.2023 द्वारा श्री कुमार के द्वारा दिनांक 07.07.2023 को दिये गये योगदान को स्वीकृत करते हुए बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम–9(3)(ii) के तहत दिनांक 07.07.2023 के प्रभाव से उन्हें पुनः निलंबित किया गया। प्राथमिक शिक्षा निदेशालय के आदेश ज्ञापांक 973 दिनांक–25.10.2024 द्वारा श्री कुमार को अनुशासनिक कार्यवाही के अधीन किया गया तथा उनका मुख्यालय–जिला शिक्षा पदाधिकारी, वैशाली का कार्यालय निर्धारित किया गया। श्री कुमार दिनांक–31.01.2026 को सेवानिवृत्त हो चुके हैं।

अतः श्री संजीव कुमार को उनकी सेवानिवृत्ति की तिथि–31.01.2026 के प्रभाव से निलंबन मुक्त किया जाता है। श्री कुमार के पूर्ण सेवांत लाभ के भुगतान के संबंध में निर्णय अनुशासनिक कार्यवाही के निष्पादन के उपरांत लिया जायेगा। श्री कुमार का अंतिम पदस्थापन प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, टिकारी, गया यथावत् रहेगा।

प्राथमिक शिक्षा निदेशालय के आदेश ज्ञापांक–973 दिनांक–25.10.2024 द्वारा श्री कुमार के विरूद्ध संचालित अनुशासनिक कार्यवाही पूर्ववत् चलती रहेगी।

27/02/26

(विक्रम विरकर)

निदेशक (प्राथमिक शिक्षा)

ज्ञापांक 08 / आ०5–02 / 2023 313 पटना, दिनांक 27/02/2026

प्रतिलिपिः– महालेखाकार, बिहार, पटना / प्रभारी पदाधिकारी, प्रशाखा–17(पेंशन शाखा) / क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक–सह–संचालन पदाधिकारी, मगध प्रमंडल, गया / क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक, तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर / जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–उपस्थापन पदाधिकारी, गया / जिला शिक्षा पदाधिकारी, वैशाली / जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्था०), गया एवं वैशाली / संबंधित कोषागार पदाधिकारी / उप कोषागार पदाधिकारी / श्री संजीव कुमार, तत्कालीन प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, टिकारी, गया–सम्प्रति–सेवानिवृत्त, निर्धारित मुख्यालय–जिला शिक्षा पदाधिकारी का कार्यालय, वैशाली, मो०–9570869103 / आई०टी० मैनेजर, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक (प्राथमिक शिक्षा)

(2)